# UPSE

# CSE-2024

# GS Paper-I

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
पार्थिव विकिरण की तुलना में आगमी (इनकमिंग) सौर विकिरण से वायुमंडल अधिक गर्म हो जाता है ।

*कथन-II :*
वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें दीर्घ तरंग विकिरण के अच्छे अवशोषक हैं ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर क्षोभमंडल की मोटाई, ध्रुवों की तुलना में बहुत अधिक है ।

*कथन-II :*
भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर, प्रबल संवहनी धाराओं द्वारा ऊष्मा को अधिक ऊँचाई तक ले जाया जाता है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

3. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. ज्वलखंडाश्मी (पाइरोक्लास्टी) मलबा
2. राख और धूल
3. नाइट्रोजन यौगिक
4. सल्फर यौगिक

उपर्युक्त में से कितने ज्वालामुखी उद्गारों के उत्पाद हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

4. जनवरी माह में समतापी रेखा-मानचित्रों (आइसोथर्मल मैप) से प्राप्त कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष सही है/हैं ?

1. समताप रेखाएँ महासागर के ऊपर उत्तर की ओर और महाद्वीप के ऊपर दक्षिण की ओर विचलित हो जाती हैं ।
2. शीत महासागरीय धाराओं, गल्फ स्ट्रीम और उत्तरी अटलांटिक अपवाह (ड्रिफ्ट) की उपस्थिति उत्तरी अटलांटिक महासागर को शीतल बनाती हैं और समताप रेखाएँ उत्तर की ओर मुड़ जाती हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

5. निम्नलिखित में से कौन-से देश विश्व के दो सबसे बड़े कोको उत्पादक के रूप में विख्यात हैं ?

(a) अल्जीरिया और मोरक्को

(b) बोत्सवाना और नामीबिया

(c) कोटे डी'आइवर और घाना

(d) मेडागास्कर और मोज़ाम्बीक

6. पश्चिम से पूर्व की ओर प्रयागराज के अनुप्रवाह में गंगा में मिलने वाली हिमालय की नदियों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम सही है ?

(a) घाघरा – गोमती – गंडक – कोसी

(b) गोमती – घाघरा – गंडक – कोसी

(c) घाघरा – गोमती – कोसी – गंडक

(d) गोमती – घाघरा – कोसी – गंडक

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

चट्टानों के अपक्षय के कारणों में से एक कारण वर्षा है ।

*कथन-II :*

वर्षा जल में घोल के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड विद्यमान होता है ।

*कथन-III :*

वर्षा जल में वायुमंडलीय ऑक्सीजन विद्यमान होता है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं तथा दोनों, कथन-I की व्याख्या करते हैं

(b) कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं, किंतु उनमें से केवल एक, कथन-I की व्याख्या करता है

(c) कथन-II और कथन-III में से केवल एक सही है और वह कथन-I की व्याख्या करता है

(d) न तो कथन-II, न ही कथन-III सही है

8. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. फ़िनलैंड
2. जर्मनी
3. नॉर्वे
4. रूस

उपर्युक्त में से कितने देशों की सीमा उत्तरी समुद्र के साथ लगती है ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

9. निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए :

| | *जलप्रपात* | *क्षेत्र* | *नदी* |
|---|---|---|---|
| 1. | धुआंधार | मालवा | नर्मदा |
| 2. | हुंड्रू | छोटा नागपुर | सुवर्णरेखा |
| 3. | गेर्सोप्पा | पश्चिमी घाट | नेत्रवती |

उपर्युक्त सूचना में से कितनी पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

10. निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए :

| | *क्षेत्र* | *पर्वत श्रृंखला का नाम* | *पर्वत का प्रकार* |
|---|---|---|---|
| 1. | मध्य एशिया | वॉसजेस | वलित पर्वत |
| 2. | यूरोप | आल्प्स | भ्रंशोत्थ (ब्लॉक) पर्वत |
| 3. | उत्तर अमेरिका | अप्लेशियन | वलित पर्वत |
| 4. | दक्षिण अमेरिका | एंडीज़ | वलित पर्वत |

उपर्युक्त सूचना में से कितनी पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

11. निम्नलिखित विमानपत्तनों पर विचार कीजिए :

1. डोनी पोलो विमानपत्तन
2. कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन
3. विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन

हाल ही में, उपर्युक्त में से किनका निर्माण नवीन (ग्रीनफील्ड) परियोजनाओं के रूप में किया गया है ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

12. "जल वाष्प" के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह एक गैस है, जिसकी मात्रा ऊँचाई के साथ घटती है ।
2. ध्रुवों पर इसका प्रतिशत अधिकतम है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

13. निम्नलिखित विवरण पर विचार कीजिए :

1. तापमानों की वार्षिक और दैनिक सीमा (रेंज) निम्न है ।
2. वर्ष भर वर्षण होता है ।
3. वर्षण में भिन्नता 50 cm – 250 cm के मध्य होती है ।

यह किस प्रकार की जलवायु है ?

(a) विषुवतीय जलवायु
(b) चीन प्रकार जलवायु
(c) आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय जलवायु
(d) समुद्री पश्चिम तटीय जलवायु

14. "कोरिऑलिस बल" के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह पवन वेग की वृद्धि के साथ बढ़ता है ।
2. यह ध्रुवों पर सर्वाधिक है और भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर विद्यमान नहीं होता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

15. प्रत्येक वर्ष 21 जून को, निम्नलिखित में से किस अक्षांश/किन अक्षांशों पर 12 घंटे से अधिक समय तक सूर्य का प्रकाश विद्यमान रहता है ?

1. भूमध्यरेखा (इक्वेटर)
2. कर्क रेखा
3. मकर रेखा
4. उत्तर ध्रुवीय (आर्कटिक) वृत्त

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 3 और 4
(d) 2 और 4

16. निम्नलिखित क्षेत्रों में से एक में विश्व की सबसे बड़ी उष्णकटिबंधीय पीट-भूमि है, जो जीवाश्म ईंधन से होने वाले लगभग तीन वर्ष के वैश्विक कार्बन उत्सर्जन को धारण करता है; और जिसके संभाव्य विनाश से वैश्विक जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है । निम्नलिखित में से कौन-सा उस क्षेत्र को द्योतित करता है ?

(a) अमेज़न बेसिन
(b) कांगो बेसिन
(c) किकोरी बेसिन
(d) रियो डे ला प्लाटा बेसिन

17. कई उपभोक्ता उत्पादों के निर्माण के लिए प्रयुक्त होने वाले परफ्लुओरोऐल्किल और पॉलिफ्लुओरोऐल्किल पदार्थों (PFAS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. PFAS पेयजल, खाद्य और खाद्य पैकेजिंग सामग्रियों में व्यापक रूप से पाए जाते हैं ।
2. PFAS पर्यावरण में आसानी से निम्नीकृत (डिग्रेडेड) नहीं होते हैं ।
3. PFAS के लगातार संपर्क के परिणामस्वरूप जंतुओं के शरीर में जैवसंचय हो सकता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

18. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. कैराबिड बीटल्स
2. कांतर (सेन्टिपीड्स)
3. मक्खियाँ
4. दीमक
5. बर्र (वास्प्स)

उपर्युक्त जीवों के कितने प्रकार में परजीव्याभ जातियाँ (पैरासीटॉइड स्पीशीज़) पाई जाती हैं ?

(a) केवल दो
(b) केवल तीन
(c) केवल चार
(d) सभी पाँच

19. निम्नलिखित पौधों पर विचार कीजिए :

1. मूँगफली
2. कुलथी (हॉर्स-ग्राम)
3. सोयाबीन

उपर्युक्त में से कितने मटर कुल (फैमिली) के हैं ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
इंडियन फ्लाइंग फॉक्स को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अधीन "पीड़क जंतु" की श्रेणी में रखा गया है ।

*कथन-II :*
इंडियन फ्लाइंग फॉक्स अन्य जंतुओं का रक्त पीता है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या *नहीं* करता है
(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

21. जीव "सिकाडा (साइकेडा), मंडूकफुदक (फ्रॉगहॉपर) और ताल-विसर्पी (पाँड स्केटर)" क्या हैं ?

(a) पक्षी

(b) मत्स्य

(c) कीट

(d) सरीसृप

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
बाज़ार में मिलने वाली अनेक च्यूइंग गम पर्यावरणीय प्रदूषण का स्रोत मानी जाती हैं ।

*कथन-II :*
अनेक च्यूइंग गमों में गोंद (गम बेस) के रूप में प्लास्टिक होता है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

23. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *देश* | *अपने प्राकृतिक आवास में पाया जाने वाला जंतु* |
|---|---|---|
| 1. | ब्राज़ील | इंड्री |
| 2. | इंडोनेशिया | एल्क |
| 3. | मेडागास्कर | बोनोबो |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

24. विश्व शौचालय संगठन (वर्ल्ड टॉयलेट ऑर्गनाइज़ेशन) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में से एक है ।
2. वैश्विक स्वच्छता संकट के समाधान पर कार्रवाई हेतु प्रेरित करने के लिए विश्व शौचालय शिखर सम्मेलन, विश्व शौचालय दिवस और विश्व शौचालय कॉलेज इस संगठन की पहल हैं ।
3. इसके कार्यों का मुख्य लक्ष्य कम विकसित देशों और विकासशील देशों को खुले में शौच की समाप्ति के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निधि प्रदान करना है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 2

(b) केवल 3

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सिंह की कोई विशेष प्रजनन ऋतु नहीं होती है ।
2. अधिकांश अन्य बड़ी बिल्लियों से भिन्न, चीता दहाड़ता नहीं है ।
3. नर सिंह से भिन्न, नर तेंदुए गंध चिह्न द्वारा अपना क्षेत्र घोषित नहीं करते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

26. निम्नलिखित में से कौन-सा "100 मिलियन किसानों" का सही विवरण है ?

(a) यह नेट-शून्य (कार्बन), प्रकृति-सकारात्मक खाद्य और जल प्रणालियों की ओर संक्रमण को तेज़ करने के लिए एक मंच है जिसका लक्ष्य किसानों की पुनरुत्थानशीलता में वृद्धि करना है ।

(b) यह जैविक पशुपालन के विकास को सहायता देने एवं सशक्त करने में इच्छुक व्यक्तियों और कृषि संगठनों का एक नेटवर्क और एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन है ।

(c) यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो पूरी तरह से सेवा प्रदाताओं के साथ एकीकृत है और ब्लॉक-चेन पर निर्मित है, जो क्रेताओं, विक्रेताओं और तीसरे पक्षकारों को शीघ्र और सुरक्षित रूप से उर्वरकों का व्यापार करने की सुविधा प्रदान करता है ।

(d) यह एक मंच है जिसका ध्येय किसानों को कृषक उत्पाद संगठनों अथवा कृषि-व्यवसाय संघ बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें उनके उत्पादों को बेचने के लिए वैश्विक खुले बाज़ारों में पहुँच प्राप्त करने की सुविधा मिलती है ।

27. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. बैटरी भंडारण
2. बायोमास जेनरेटर
3. ईंधन सेल
4. रूफटॉप सौर प्रकाश-वोल्टीय यूनिट

उपर्युक्त में से कितने "वितरित ऊर्जा संसाधन" माने जाते हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

28. निम्नलिखित में से कौन-सा वृक्ष, एक ऐसे कीट के साथ एक अद्वितीय संबंध को दर्शाता है जो इस वृक्ष के साथ सह-विकसित हुआ है और वह एकमात्र कीट है जो इस पेड़ को परागित कर सकता है ?

(a) अंजीर

(b) महुआ

(c) चंदन

(d) सेमल (सिल्क कॉटन)

29. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. तितली
2. मत्स्य
3. मंडूक (मेंढक)

उपर्युक्त में से कितनों में विषाक्त जातियाँ हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

30. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. काजू
2. पपीता
3. रक्त चंदन

उपर्युक्त में से कितने वृक्ष वास्तव में भारत के देशीय वृक्ष हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

31. विकिरण समस्थानिक ताप-वैद्युत जेनरेटरों (RTGs) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. RTGs लघु विखंडन रिऐक्टर हैं।
2. RTGs का प्रयोग अंतरिक्षयानों के ऑन-बोर्ड प्रणालियों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए होता है।
3. RTGs में प्लूटोनियम-238 का उपयोग किया जा सकता है, जो शस्त्र विकास का एक उपोत्पाद है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

बृहत तारे वामन तारों की तुलना में अधिक समय तक अस्तित्व में बने रहते हैं।

*कथन-II :*

वामन तारों की तुलना में, बृहत तारों में नाभिकीय अभिक्रियाओं की उच्चतर दर होती है।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या *नहीं* करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

33. निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव शरीर में संश्लेषित होता है जो रक्त वाहिकाओं को विस्फारित करता है और रक्त प्रवाह को बढ़ाता है ?

(a) नाइट्रिक ऑक्साइड

(b) नाइट्रस ऑक्साइड

(c) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड

(d) नाइट्रोजन पेंटऑक्साइड (पेंटॉक्साइड)

34. निम्नलिखित गतिविधियों पर विचार कीजिए :

1. विमानपत्तनों अथवा विमानों में यात्रियों के पास मौजूद स्वापक पदार्थों (नार्कोटिक्स) की पहचान
2. वर्षण का मॉनीटरन
3. पशुओं के प्रवास पर नज़र रखना (ट्रैकिंग)

उपर्युक्त में से कितनी गतिविधियों में रेडारों का उपयोग किया जा सकता है ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

35. निम्नलिखित विमानों पर विचार कीजिए :

1. राफेल
2. MiG-29
3. तेजस MK-1

उपर्युक्त में से कितने पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान माने जाते हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

36. निम्नलिखित में से किनमें हाइड्रोजेलों का प्रयोग होता है ?

1. रोगियों में नियंत्रित औषधि डिलीवरी
2. चल वातानुकूलन प्रणाली
3. औद्योगिक स्नेहकों का विरचन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित में से कौन-सा हाइड्रोजन द्वारा चालित फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक वाहनों से निकलने वाला निर्वातक नली उत्सर्जन है ?

(a) हाइड्रोजन परऑक्साइड (परॉक्साइड)
(b) हाइड्रोनियम
(c) ऑक्सीजन
(d) जल-वाष्प

38. हाल ही में, "पंप्ड-स्टोरेज हाइड्रोपावर" शब्द की वास्तव में और समुचित रूप से निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में चर्चा की गई है ?

(a) सीढ़ीदार खेतों की सिंचाई
(b) धान्य (अनाज) फ़सलों की उत्थान सिंचाई
(c) दीर्घावधि ऊर्जा भंडारण
(d) वर्षा-जल संचयन प्रणाली

39. "मेम्ब्रेन बायोरिऐक्टरों" की चर्चा प्रायः किस संदर्भ में की जाती है ?

(a) सहायताप्राप्त प्रजनन प्रौद्योगिकियाँ
(b) औषधि डिलीवरी नैनो-प्रौद्योगिकियाँ
(c) टीका (वैक्सीन) उत्पादन प्रौद्योगिकियाँ
(d) अपशिष्ट-जल शोधन प्रौद्योगिकियाँ

40. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, "संपार्श्विकीकृत उधार लेन-देन संबंधी दायित्व" निम्नलिखित में से किसके लिखत (इंस्ट्रूमेंट) हैं ?

(a) बॉण्ड बाज़ार
(b) विदेशी मुद्रा बाज़ार
(c) मुद्रा बाज़ार
(d) शेयर (स्टॉक) बाज़ार

41. किसी अर्थव्यवस्था में कुल प्रजनन दर को किस रूप से परिभाषित किया जाता है ?

(a) एक वर्ष में जनसंख्या में प्रति 1000 व्यक्तियों पर जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या
(b) किसी दी गई जनसंख्या में एक दंपति के जीवन-काल में उनसे जन्मे बच्चों की संख्या
(c) जन्म दर घटा मृत्यु दर
(d) एक महिला की गर्भधारण आयु (चाइल्ड-बेअरिंग एज) के अंत तक उनसे जन्मे जीवित बच्चों की औसत संख्या

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में, ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक की चल-निधि समायोजन सुविधा विंडो का लाभ उठा सकती हैं ।
2. भारत में, विदेशी संस्थागत निवेशक सरकारी प्रतिभूतियों (G-Secs) के धारक बन सकते हैं ।
3. भारत में, शेयर बाज़ार (स्टॉक एक्सचेंज) ऋणों के लिए पृथक् व्यापारिक मंच (ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म) प्रदान कर सकते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 2 और 3

43. भारत में, निम्नलिखित में से कौन कॉर्पोरेट बॉण्डों और सरकारी प्रतिभूतियों में व्यापार कर सकते हैं ?

1. बीमा कंपनियाँ
2. पेंशन निधि
3. खुदरा निवेशक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

44. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ETF)
2. मोटर वाहन
3. मुद्रा की अदला-बदली

उपर्युक्त में से किसे/किन्हें वित्तीय लिखत (इंस्ट्रूमेंट) माना जाता है ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

45. भारतीय अर्थव्यवस्था के सेक्टरों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *आर्थिक गतिविधि* | *सेक्टर* |
|---|---|---|
| 1. | कृषि उत्पाद का भंडारण | द्वितीयक |
| 2. | डेरी फार्म | प्राथमिक |
| 3. | खनिज की खोज | तृतीयक |
| 4. | कपड़ा बुनाई | द्वितीयक |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

46. निम्नलिखित सामग्रियों पर विचार कीजिए :

1. कृषि अवशिष्ट
2. मक्का के दाने
3. अपशिष्ट-जल शोधन अवपंक
4. काष्ठ मिल अपशिष्ट

उपर्युक्त में से किसका उपयोग संधारणीय विमानन ईंधन के उत्पादन के लिए फीडस्टॉक के रूप में किया जा सकता है ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 3 और 4

47. भारतीय अर्थव्यवस्था में भौतिक पूँजी के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | वस्तु | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1. | किसान का हल | कार्यशील पूँजी |
| 2. | कंप्यूटर | स्थिर पूँजी |
| 3. | बुनकर द्वारा प्रयोग किया जाने वाला सूत | स्थिर पूँजी |
| 4. | पेट्रोल | कार्यशील पूँजी |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

48. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द/वाक्यांश का उपयोग "3D आभासी (वर्चुअल) दुनिया के एक इंटरऑपरेबल नेटवर्क, जिसे ऐसे लाखों प्रयोक्ताओं द्वारा एक साथ एक्सेस किया जा सकता है, जो आभासी (वर्चुअल) वस्तुओं पर संपत्ति के अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं" को द्योतित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त रूप से किया जाता है ?

(a) बिग डेटा एनालिटिक्स

(b) क्रिप्टोग्राफी

(c) मेटावर्स

(d) वर्चुअल मैट्रिक्स

49. विदेशी बैंकों के साथ व्यवहार करते समय भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिरोपित नियम/नियमों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक बैंकों (बैंकिंग सब्सिडरियों) के लिए कोई न्यूनतम पूँजी की आवश्यकता नहीं है।

2. भारत में पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक बैंकों (बैंकिंग सब्सिडरियों) के लिए, बोर्ड सदस्यों के कम-से-कम 50% भारतीय नागरिक होने चाहिए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

50. भारत में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) नियमों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. CSR नियम विनिर्दिष्ट करते हैं कि सीधे कंपनी अथवा इसके कर्मचारियों को लाभ पहुँचाने वाले व्यय को CSR कार्यकलापों के रूप में नहीं माना जाएगा।

2. CSR नियम CSR कार्यकलापों पर होने वाले न्यूनतम व्यय को विनिर्दिष्ट नहीं करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

यदि संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) अपने ऋण पर चूक करता है, तो US ट्रेज़री बॉण्डों के धारक भुगतान प्राप्त करने के लिए अपने दावों का प्रयोग नहीं कर पाएँगे ।

*कथन-II :*

USA सरकार का ऋण कोई मूर्त (हार्ड) परिसंपत्तियों द्वारा समर्थित नहीं है, बल्कि केवल सरकार के विश्वास से समर्थित है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

सामूहिक उधार बहु उधारदाताओं के मध्य उधारकर्ता के चूक (डिफ़ाल्ट) का जोखिम बढ़ाता है ।

*कथन-II :*

सामूहिक ऋण एक नियत राशि/एकमुश्त निधि हो सकती है, किंतु ऋण व्यवस्था (क्रेडिट लाइन) नहीं हो सकती ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

53. डिजिटल रुपए के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा अपनी मौद्रिक नीति के अनुरूप जारी की गई राष्ट्रिक (सॉवरेन) मुद्रा है ।
2. यह RBI के तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) पर देयता के रूप में दिखाई देता है ।
3. यह अपने डिज़ाइन से ही मुद्रास्फीति के विरुद्ध बीमाकृत है ।
4. यह वाणिज्यिक बैंक मुद्रा और नकदी के लिए स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 2 और 4

54. प्राचीन भारत के संदर्भ में, गौतम बुद्ध को सामान्यत: निम्नलिखित में से किन उपनामों से ज्ञाना जाता था ?

1. नायपुत्त
2. शाक्यमुनि
3. तथागत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) उपर्युक्त में से कोई भी गौतम बुद्ध के उपनाम नहीं हैं

55. निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए :

| | पुरातात्विक स्थल | राज्य | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | चंद्रकेतुगढ़ | ओडिशा | व्यापार बंदरगाह शहर |
| 2. | इनामगाँव | महाराष्ट्र | ताम्र-पाषाण स्थल |
| 3. | मंगडु | केरल | महापाषाण स्थल |
| 4. | सालिहुंडम | आंध्र प्रदेश | शैलकृत गुफा मंदिर |

उपर्युक्त में से कौन-सी पंक्तियों में दी गई सूचना सही सुमेलित है ?

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) 1 और 4

56. मध्यकालीन भारत के निम्नलिखित शासकों में से किसने पुर्तगालियों को भटकल में एक किला बनाने की अनुमति दी थी ?

(a) कृष्णदेवराय

(b) नरसिम्हा सालुव

(c) मुहम्मद शाह III

(d) यूसुफ आदिल शाह

57. कॉर्नवालिस द्वारा राजस्व संग्रहण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राजस्व संग्रहण के रैयतवाड़ी बंदोबस्त के अधीन, किसानों को फ़सल खराब होने या प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राजस्व भुगतान से छूट दी गई थी ।

2. बंगाल स्थायी बंदोबस्त के अधीन, यदि जमींदार नियत तिथि पर या उससे पहले राज्य को राजस्व का भुगतान करने में विफल रहता, तो उसे उसकी जमींदारी से हटा दिया जाता ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उपनिषदों में कोई नीति-कथा (पैरॅबल) नहीं हैं ।

2. उपनिषदों की रचना पुराणों से भी पहले हुई थी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत इंटरनेशनल ग्रेन्स काउन्सिल का सदस्य है ।

2. चावल और गेहूँ के निर्यात या आयात के लिए किसी देश को इंटरनेशनल ग्रेन्स काउन्सिल का सदस्य होना आवश्यक है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

60. यूनेस्को (UNESCO) की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में निम्नलिखित में से कौन-सा नवीनतम समावेश था ?

(a) छऊ (छाऊ) नृत्य

(b) दुर्गा पूजा

(c) गरबा नृत्य

(d) कुंभ मेला

61. डॉ. राजेंद्र प्रसाद के कार्यभार संभालने से पहले संविधान सभा के अस्थायी सभापति कौन थे ?

(a) सी. राजगोपालाचारी

(b) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(c) टी.टी. कृष्णमाचारी

(d) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा

62. भारत सरकार अधिनियम, 1935 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसमें ब्रिटिश भारतीय प्रांतों और देशी रियासतों को मिलाकर एक अखिल भारतीय परिसंघ (फेडरेशन) की स्थापना का प्रावधान किया गया ।

2. रक्षा और विदेश संबंधी मामलों को परिसंघीय विधानमंडल के नियंत्रण के अधीन रखा गया ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

63. निम्लिखित में से कौन-सी नाटककार भास की रचना है ?

(a) *काव्यालंकार*

(b) *नाट्यशास्त्र*

(c) *मध्यम-व्यायोग*

(d) *महाभाष्य*

64. संघभूति, एक भारतीय बौद्ध भिक्षु, जिन्होंने चौथी शताब्दी ईसवी के अंत में चीन की यात्रा की, निम्नलिखित में से किस पर भाष्य के लेखक थे ?

(a) *प्रज्ञापारमिता सूत्र*

(b) *विसुद्धिमग्गो*

(c) *सर्वास्तिवाद विनय*

(d) *ललितविस्तर*

65. यूनेस्को (UNESCO) द्वारा जारी विश्व धरोहर सूची में शामिल की गई निम्नलिखित संपत्तियों पर विचार कीजिए :

1. शांतिनिकेतन
2. रानी-की-वाव
3. होयसला के पवित्र मंदिर समूह
4. बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर

उपर्युक्त में से कितनी संपत्तियों को वर्ष 2023 में शामिल किया गया ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

66. भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 के अनुसार, संसद निम्नलिखित में से किनके द्वारा संविधान के किसी उपबंध में संशोधन कर सकेगी ?

1. परिवर्धन
2. परिवर्तन
3. निरसन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

67. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. इटली
2. जापान
3. नाइजीरिया
4. दक्षिण कोरिया
5. दक्षिण अफ्रीका

उपर्युक्त में से किन देशों का उल्लेख प्रायः मीडिया में उनकी निम्न जन्म दर अथवा वृद्धोन्मुख जनसंख्या अथवा ह्रासमान जनसंख्या के लिए किया जाता है ?

(a) 1, 2 और 4

(b) 1, 3 और 5

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 3 और 5

68. संसद में धन विधेयक के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. अनुच्छेद 109 में धन विधेयक के संबंध में विशेष प्रक्रिया का उल्लेख है ।
2. धन विधेयक राज्य सभा में पुरःस्थापित नहीं किया जाएगा ।
3. राज्य सभा या तो विधेयक को अनुमोदन दे सकती है या परिवर्तन के लिए सुझाव दे सकती है किंतु इसे अस्वीकार नहीं कर सकती ।
4. राज्य सभा द्वारा धन विधेयक में सुझाए गए संशोधन को लोक सभा द्वारा स्वीकार करना होगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) 1, 3 और 4

69. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, भारतीय सशस्त्र सेना की तीनों सेवाओं में समकक्ष रैंक के संदर्भ में सही सुमेलित है/हैं ?

| | थलसेना | वायुसेना | नौसेना |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिगेडियर | एयर कमोडोर | कमांडर |
| 2. | मेजर जनरल | एयर वाइस मार्शल | वाइस एडमिरल |
| 3. | मेजर | स्क्वाड्रन लीडर | लेफ्टिनेंट कमांडर |
| 4. | लेफ्टिनेंट कर्नल | ग्रुप कैप्टन | कैप्टन |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 4

(b) 1 और 3

(c) 2, 3 और 4

(d) केवल 3

70. पूर्वोत्तर परिषद् (NEC) की स्थापना पूर्वोत्तर परिषद् अधिनियम, 1971 द्वारा की गई थी । वर्ष 2002 में NEC अधिनियम में संशोधन के बाद, परिषद् में निम्नलिखित में से किन-किन सदस्यों को शामिल किया गया है ?

1. संघटक राज्य का राज्यपाल
2. संघटक राज्य का मुख्य मंत्री
3. भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्दिष्ट तीन सदस्य
4. भारत का गृह मंत्री

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

71. दिसम्बर 2023 तक भारत सरकार द्वारा कितने परिसीमन आयोग गठित किए गए हैं ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

72. संविधान (71वें संशोधन) अधिनियम, 1992 के द्वारा निम्नलिखित में से किस भाषा को शामिल करने के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में संशोधन किया गया है ?

1. कोंकणी
2. मणिपुरी
3. नेपाली
4. मैथिली

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 2 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

73. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | दल | उसके नेता |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय जन संघ | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी |
| 2. | सोशलिस्ट पार्टी | सी. राजगोपालाचारी |
| 3. | कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी | जगजीवन राम |
| 4. | स्वतंत्र पार्टी | आचार्य नरेंद्र देव |

उपर्युक्त में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

74. भारत के संविधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. नगरपालिकाओं की शक्तियाँ संविधान के भाग 9-क में दी गई हैं ।
2. आपात उपबंध संविधान के भाग 18 में दिए गए हैं ।
3. संविधान के संशोधन से संबंधित उपबंध संविधान के भाग 20 में दिए गए हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

75. भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) अंतरराज्यीय व्यापार और वाणिज्य राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है ।
(b) अंतरराज्यीय प्रवासन राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है ।
(c) अंतरराज्यीय संगरोध संघ सूची के अधीन एक संघ विषय है ।
(d) निगम कर राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है ।

76. भारत के उच्चतम न्यायालय ने निजता के अधिकार को भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत रखा है ?

(a) अनुच्छेद 15
(b) अनुच्छेद 16
(c) अनुच्छेद 19
(d) अनुच्छेद 21

77. सैन्य कार्य विभाग के प्रमुख के रूप में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के कर्तव्य कौन-से हैं ?

1. चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष
2. तीनों सेवा प्रधानों (सर्विस चीफ) पर सैन्य कमान का प्रयोग करना
3. सभी तीनों सेवाओं (ट्राइ-सर्विस) के विषयों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

78. मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने सहित दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानीय जन-समुदाय के उत्थान के लिए सेना द्वारा संचालित अभियान (ऑपरेशन) को क्या कहा जाता है ?

(a) ऑपरेशन संकल्प
(b) ऑपरेशन मैत्री
(c) ऑपरेशन सद्भावना
(d) ऑपरेशन मदद

79. विश्व में किन्हीं दो देशों के मध्य सबसे लंबी सीमा निम्नलिखित में से किनके मध्य है ?

(a) कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका

(b) चिली और अर्जेंटीना

(c) चीन और भारत

(d) कज़ाख़स्तान और रशियन फेडरेशन

80. लोक सभा में आचार समिति के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. प्रारंभ में यह एक तदर्थ समिति थी ।

2. केवल कोई लोक सभा का सदस्य ही किसी लोक सभा सदस्य के अनैतिक आचरण से संबंधित शिकायत कर सकता है ।

3. यह समिति किसी ऐसे मामले पर विचार नहीं कर सकती जो न्यायाधीन है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

81. 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ये उपबंध 18वीं लोक सभा से प्रभावी होंगे ।

2. अधिनियम बनने के बाद यह 15 वर्षों के लिए प्रवर्तन में रहेगा ।

3. इसमें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित कोटे के भीतर अनुसूचित जातियों की महिलाओं के लिए स्थानों के आरक्षण के उपबंध हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

82. 'अभ्यास मित्र शक्ति-2023' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. यह भारत और बांग्लादेश के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास था ।

2. इसका प्रारंभ औंध (पुणे) में हुआ ।

3. आतंकवाद-विरोधी अभियानों के दौरान संयुक्त प्रतिक्रिया इस अभियान का एक लक्ष्य था ।

4. भारतीय वायुसेना इस अभ्यास का एक हिस्सा थी ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 2 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

83. प्रतिषेध रिट उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालयों द्वारा किसे और किस प्रयोजन से जारी किया गया एक आदेश है ?

(a) किसी सरकारी अधिकारी को, उसे किसी विशिष्ट कार्रवाई करने से प्रतिषेध करने के लिए

(b) संसद/विधान सभा को, मद्यनिषेध पर कोई विधि पारित करने के लिए

(c) निचली अदालत को, किसी मामले में कार्यवाही जारी रखने का प्रतिषेध करने के लिए

(d) सरकार को, उसे किसी असंवैधानिक नीति का अनुपालन करने से प्रतिषेध करने के लिए

84. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह राज्य का राज्यपाल है जो उस राज्य के किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता देता है और घोषित करता है ।

2. किसी राज्य में अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित किसी समुदाय के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दूसरे राज्य में भी ऐसा हो ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

85. केंद्रीय बजट (यूनियन बजट) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रधानमंत्री की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री संसद के दोनों सदनों के समक्ष वार्षिक वित्तीय विवरण रखते हैं ।

2. केंद्रीय (यूनियन) स्तर पर, भारत के राष्ट्रपति की अनुशंसा के बिना अनुदानों की माँग नहीं की जा सकती ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

86. निम्नलिखित में से कौन *"द इंडिया वे (The India Way)"* और *"व्हाई भारत मैटर्स (Why Bharat Matters)"* पुस्तकों के लेखक हैं ?

(a) भूपेंद्र यादव

(b) नलिन मेहता

(c) शशि थरूर

(d) सुब्रह्मण्यम जयशंकर

87. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *देश* | *समाचार में रहने का कारण* |
|---|---|---|
| 1. | अर्जेंटीना | सबसे खराब आर्थिक संकट |
| 2. | सूडान | देश की नियमित सेना और अर्धसैनिक बलों के मध्य युद्ध |
| 3. | तुर्की | NATO की अपनी सदस्यता निरस्त कर दी |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक युग्म

(b) केवल दो युग्म

(c) सभी तीन युग्म

(d) कोई युग्म नहीं

88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

सुमेड पाइपलाइन यूरोप को जाने वाले फारस की खाड़ी के तेल और प्राकृतिक गैस नौभार (शिपमेंट) के लिए एक रणनीतिक मार्ग है ।

*कथन-II :*

सुमेड पाइपलाइन लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या *नहीं* करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लाल सागर में किसी भी रूप में बहुत कम वर्षण होता है ।
2. लाल सागर में नदियों से जल का प्रवेश नहीं होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

90. पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA) के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा, सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जनों का सबसे बड़ा स्रोत है ?

(a) जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले रेल इंजन (लोकोमोटिव)

(b) जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले जहाज

(c) अयस्कों से धातुओं का निष्कर्षण

(d) जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले विद्युत संयंत्र

91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

साहेल क्षेत्र में अस्थिरता और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति विद्यमान है ।

*कथन-II :*

हाल ही में साहेल क्षेत्र के कई देशों में सैन्य कब्ज़ा/तख्तापलट हुआ है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या *नहीं* करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

भारत संयुक्त राज्य अमेरिका से सेब आयात नहीं करता है ।

*कथन-II :*

भारत में, विधि के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना आनुवंशिक रूप से रूपांतरित खाद्य (फूड) के आयात पर प्रतिषेध है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या *नहीं* करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**93.** लोक सभा के अध्यक्ष के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

जब लोक सभा के अध्यक्ष को हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन है, तब

1. वह पीठासीन नहीं होगा/होगी ।
2. उसे बोलने का अधिकार नहीं होगा ।
3. वह संकल्प पर प्रथमतः मत देने का/की हक़दार नहीं होगा/होगी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**94.** भारतीय संसद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लोक सभा में लंबित कोई विधेयक उसके विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है ।
2. लोक सभा द्वारा पारित और राज्य सभा में लंबित कोई विधेयक लोक सभा के विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है ।
3. कोई विधेयक, जिसके संबंध में भारत के राष्ट्रपति ने सदनों की संयुक्त बैठक आहूत करने के अपने आशय की सूचना दे दी है, लोक सभा का विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

**95.** भारत के संसद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के राष्ट्रपति द्वारा किसी सदन के सत्रावसान के लिए मंत्रि-परिषद् के परामर्श की आवश्यकता नहीं है ।
2. सदन का सत्रावसान सामान्यतः सदन के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के पश्चात् किया जाता है, किंतु भारत के राष्ट्रपति द्वारा उस सदन का सत्रावसान करने पर कोई वर्जन नहीं है जो सत्र में है ।
3. लोक सभा का विघटन भारत के राष्ट्रपति द्वारा, असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, मंत्रि-परिषद् के परामर्श से किया जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) 1 और 2

(c) 2 और 3

(d) केवल 3

**96.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

हाल ही में, यूरोपीय संसद ने द नेट-ज़ीरो इंडस्ट्री ऐक्ट को मंजूरी दी ।

*कथन-II :*

यूरोपीय संघ वर्ष 2040 तक कार्बन तटस्थता (न्यूट्रालिटी) प्राप्त करने का आशय रखता है और इसलिए उसका लक्ष्य उस समय तक अपनी सभी स्वच्छ प्रौद्योगिकी विकसित करना है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या *नहीं* करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
हाल ही में, वेनेजुएला अपने आर्थिक संकट से तेज़ी से उबरने में सफल हुआ है और अपने लोगों को दूसरे देशों में पलायन/प्रवास करने से रोकने में सफल हुआ है ।

*कथन-II :*
वेनेजुएला के पास विश्व के सबसे बड़े तेल भंडार हैं ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

98. डिजिटल इण्डिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए, केंद्र सरकार 100% वित्त-पोषण करती है ।
2. इस योजना के अंतर्गत, भूसंपत्ति (कैडस्ट्रल) मानचित्र डिजिटलीकृत किए जाते हैं ।
3. स्थानीय भाषा में उपलब्ध अधिकार-अभिलेखों को भारत के संविधान द्वारा मान्यता-प्राप्त किसी भी भाषा में लिप्यंतरित करने की पहल की गई है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

99. 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह योजना किसी भी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही में महिलाओं को प्रसवपूर्व चिकित्सा देखभाल सेवाओं के लिए न्यूनतम पैकेज और प्रसवोत्तर छह महीने की स्वास्थ्य चिकित्सा देखभाल सेवा की गारंटी प्रदान करती है ।
2. इस योजना के अंतर्गत, कुछ विशिष्टताओं वाले निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदाता स्वेच्छा से नज़दीकी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

100. प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (PM-SYM) योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस योजना में नामांकन के लिए प्रवेश आयु वर्ग 21 से 40 वर्ष है ।
2. लाभार्थी द्वारा आयु विशिष्ट अंशदान किया जाएगा ।
3. इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राहक (सब्स्क्राइबर) को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद ₹ 3,000 प्रति माह की न्यूनतम पेंशन प्राप्त होगी ।
4. पारिवारिक पेंशन पति/पत्नी और अविवाहित पुत्रियों पर लागू होगी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1, 3 और 4

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 2

(d) 1, 2 और 4